Title: Need to provide more railway services at Moradabad, Uttar Pradesh.

श्री चन्द्र विजय सिंह (मुरादाबाद) : महोदय, मुरादाबाद निर्यात के माध्यम से प्रतिवर्ष भारत को 2000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा कमाकर लाभ पहुँचाता है, परन्तु जनहित में कोई ऐसी रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है जिसके द्वारा मुरादाबाद से दिल्ली व्यापारी सुबह चलकर उसी शाम वापिस लौट आएँ। प्रतिदिन इंटर सिटी रेल सेवा की अति आवश्यकता है। निर्यात को बढ़ावा देने हेतु मुम्बई के लिए मुरादाबाद से सीधी रेल सेवा की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त चन्दौसी मण्डी के लिए दिल्ली-बरेली रूट पर चलने वाली किसी रेल को चन्दौसी होकर चलाया जाए तो जनता को लाभ होगा। यह तीन रेल संबंधित ऐसी मांगें हैं जिनके द्वारा रेल विभाग, मुरादाबाद-चन्दौसी क्षेत्र व राट्र को आर्थिक लाभ पहुँचेगा।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि जनहित के आधार पर उक्त तीनों मांगों पर अविलम्ब व गंभीरतापूर्वक विचार कर जनता को लाभान्वित किया जाए।

(इति)